अतिथि व्याख्यान

दिनांक 06 मार्च 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग के तत्वावधान में एक प्रेरणादायक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस सुअवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, फरीदाबाद से बहन संगीता, बहन कविता उपस्थित थीं । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ आध्यात्मिक विकास के लिए यह व्याख्यान आयोजित किया गया । जिसका विषय था- 'नैतिक शिक्षा एवं जीवन मूल्य' । कार्यक्रम के प्रारम्भ में बहन संगीता एवं बहन कविता को श्रीमती नेहा गोयल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बहन संगीता ने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अपने व्याख्यान में अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दीं । उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नैतिक ज्ञान का भी होना परमावश्यक है। नैतिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को परस्पर साथ रहने की अर्थात वसुधैवकुटुम्बकम भावना का विकास होता है और संस्कारवान बन सकते हैं ।

कार्यक्रम के अंत में उन्होंने मैडिटेशन (ध्यान) के माध्यम से एकाग्रचित्त के बारे में बताया तथा श्रीमती नेहा गोयल ने अतिथि व्याख्याता का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह के साथ इनमे भाग लिया। इस सुअवसर पर श्रीमती रेनूबाला, श्रीमती कोमल, श्रीमान राकेश, कुमारी शालिनी उपस्थित थे ।